<u>सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र</u>

44766
24/6/2022

सेवा में,

श्रीमान् जनसूचना अधिकारी,
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण,
भूखण्ड सं0-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा,
जनपद-गौतमबुद्ध नगर-201310

विषयः- ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण द्वारा मई, 2022 में जेम पोर्टल से मै0 माधव एसोसिएट्स फर्म के माध्यम से विभिन्न पदों पर की गयी भर्तियों के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण द्वारा जेम पोर्टल से मै0 माधव एसोसिएट्स के माध्यम से विभिन्न पदों पर भर्ती की गयी हैं जिनको माह मई, 2022 में साक्षात्कर करते हुये नियुक्ति पत्र जारी किये गये हैं। इस सम्बन्ध में अनुरोध है कि जहाँ एक ओर उ0प्र0 सरकार जीरो टोलरेंस पर कार्य कर रही है तथा प्रदेश को भृष्टाचार मुक्त कराने हेतु अथक प्रयास किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की मिलीभगत (विशेषतौर पर कार्मिक विभाग, ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण द्वारा) के चलते इन भर्तियों में नियमों की अनदेखी करते हुये नियम विरुद्ध भर्तियाँ की गयी हैं। अतः महोदय से अनुरोध है कि कृपया निम्न बिन्दुओं सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें :-

R.T.I-2073
P/o-HRD
27.6.22

1. जेम पोर्टल के माध्यम से चयनित मै0 माधव एसोसिएटस फर्म द्वारा प्राधिकरण में किस-किस पद के लिये कितनी भर्तियाँ निकाली गयी थीं ? तथा किस-किस पद के लिये कितने आवेदकों द्वारा आवेदन किये गये ? उक्त भर्ती में विभिन्न पदों पर कितने अभ्यर्थी चयनित हुये उनका नाम, पदनाम व पता सहित विवरण उपलब्ध कराया जाये ?

for V.k

2. उक्त भर्ती में किस-किस पद के लिये क्या-क्या योग्यता निर्धारित की गयी थी ?

3. उक्त भर्ती में साक्षात्कार के लिये किन अधिकारियों की समिति बनायी गयी थी ? और किसके अनुमोदन से यह समिति गठित की गयी थी ? उक्त समिति में नामित अधिकारियों के नाम व पदनाम तथा आदेश की प्रति उलपब्ध करायी जाये ?